देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 330 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मजबूत होकर उभरे हैं ट्रंप




# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 14 फरवरी 2020




मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 11.0° | 41459.79 | 2 टॉप पॉलिटिकल लीडर पर गिरी गाज | 7 पृथ्वी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीः गिल

# सुको का राजनीतिक पार्टियों को निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजनीति को अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम आदेश देते हुए राजनीतिक दलों से कहा कि वह चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों का क्रिमिनल रेकॉर्ड को जनता के सामने रखे। कोर्ट ने कहा कि वह प्रत्याशियों के आपराधिक रेकॉर्ड को साइट पर अपलोड करे। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने साथ ही आगाह किया है कि इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

बीजेपी नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपने प्रत्याशियों के आपराधिक रेकॉर्ड को अखबारों, बेवसाइट्स और सोशल साइट्स पर प्रकाशित करें। जस्टिस आरएफ नरीमन और एस रविंद्र भट की बेंच ने कहा कि राजनीतिक दलों को यह बताना होगा कि उन्होंने एक साफ छवि के उम्मीदवार की बजाय आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को क्यों टिकट दिया। कोर्ट ने जिताऊ उम्मीदवार के तर्क को खारिज किया है। इसके साथ ही पार्टियों से सवाल किया कि आखिर उनकी ऐसी क्या मजबूरी है कि वह आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों को टिकट देती हैं।

उम्मीदवारों का क्रिमिनल रेकॉर्ड जनता से साझा करें



**तेजी से बढ़ा राजनीति में आपराधिकरण**

राजनीति में बढ़ते आपराधिकरण पर चिंता जाहिर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बीते चार आम चुनाव से राजनीति में आपराधिकरण तेजी से बढ़ा है। इससे पहले पोल पैनल ने कोर्ट को बताया था कि 2004 में 24 प्रतिशत सांसदों की पृष्ठभूमि आपराधिक थी, लेकिन 2009 में ऐसे सांसदों की संख्या बढ़कर 30 पर्सेंट और 2014 में 34 पर्सेंट हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, मौजूदा लोकसभा में 43 पर्सेंट सांसदों के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले लंबित हैं।

# करॉना पर स्वास्थ्यमंत्री भारत पूरी तरह तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। करॉना वायरस के बढ़ते खौफ के बीच गुरुवार को सरकार ने कहा कि वह इस बीमारी की रोकथाम के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि पीएम ऑफिस से लेकर सारे देश के मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क बना हुआ है।

हर्षवर्धन ने बताया कि करॉना वायरस पर पीएम मोदी ने स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रियों का एक समूह बनाया है, जिसकी लगातार बैठकें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहले ही इस बीमारी को लेकर तैयारियों शुरू कर दी थीं। सारे एयरपोर्ट्स पर इसको लेकर इंतजाम कर दिए गए थे।

**करॉना से अभी तक 1310 मौतें:** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा सरकार के पास जो जानकारी के मुताबिक चीन के अंदर करॉना वायरस से संक्रमण के 48 हजार 206 मामले सामने आए हैं। इसके कारण चीन में 1310 मौतें हुई हैं। चीन से बाहर इस बीमारी का वायरस 28 देशों के अंदर फैल चुका है। उन्होंने बताया कि चीन के बाहर दुनिया में दो मौतें हुई हैं। एक हॉन्ग कॉन्ग और एक फिलीपींस में हुई हैं। चीन से बाहर करॉना के पॉजिटिव केस 570 पाए हैं।

**बैठक**

सीएस और संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क बना हुआ है



**सभी राज्यों को दे दी थी अडवाइजरी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि सभी राज्यों को 17 जनवरी को ही अडवाइजरी जारी कर दी गई थी। इसके बाद से सरकार लगातार राज्य सरकारों के संपर्क में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरदार पटेल को कैबिनेट में नहीं चाहते थे नेहरू?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तो क्या भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभभाई पटेल को अपने कैबिनेट में शामिल नहीं करना चाहते थे? दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक किताब के हवाले से ट्वीट किया था कि नेहरू 1947 में अपनी कैबिनेट में पटेल को शामिल नहीं करना चाहते थे और कैबिनेट की पहली लिस्ट से उन्हें बाहर भी कर दिया था। हालांकि कांग्रेस ने किताब में किए गए इस दावे को गलत बताते हुए नेहरू का माउंटबेटन को लिखी चिट्ठी शेयर की है, जिसमें पटेल का नाम कैबिनेट लिस्ट में टॉप पर है। जयशंकर ने सिलसिलेवार ट्वीट में लिखा कि निश्चित तौर पर इस मुद्दे पर बहस की जरूरत है।

### अदालत ने संजीव चावला को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हैंसी क्रोनिए की संलिप्तता वाले मैच फिक्सिंग मामले के एक प्रमुख आरोपी और कथित सट्टेबाज संजीव चावला को गुरुवार को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सिरोही ने चावला को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

### ट्रंप को न दिखें झुग्गियां, रोड किनारे बन रही दीवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुजरात। डॉनल्ड ट्रंप को ना दिखें झुग्गियां, गुजरात में सड़क के किनारे खड़ी की जा रही दीवार अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मिलानिया ट्रंप 24-25 फरवरी को भारत दौरे पर आ रहे हैं। मेहमान के स्वागत में गुजरात के अहमदाबाद शहर को सजाया जा रहा है। शहर को खूबसूरत दिखाने के लिए करोड़ों रुपये भी खर्च किए जा रहे हैं। अहमदाबाद में झुग्गियों को ढकने के लिए एक दीवार भी बनाई जा रही है।

# दिल्ली की हार पर कांग्रेस में बढ़ी रार

## अब भूपेंद्र हुड्डा और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उठाए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी दिल्ली के अलावा देशभर की सत्ता में लंबे समय तक काबिज रही है। अब उसकी हालत यह हो गई है कि वह दिल्ली में लगातार दो बार से शून्य सीटों पर बरकरार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी कभी पार्टी की रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं तो कभी एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। ताजा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पार्टी को रणनीति बदलने की सलाह दी है। वहीं, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के प्रभारी रहे पीसी चाको पर निशाना साधा है।

दिल्ली में लगातार दूसरी बार खाता खालने में नाकामयाब रही कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह अब सामने आ रही है। पार्टी की दिल्ली इकाई के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व भी निशाने पर आ गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि कांग्रेस को नई सोच और नई रणनीति पर काम करने की आवश्यकता है। वहीं, हरियाणा के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी पीसी चाको को आड़े हाथ लिया है।

**अलका लांबा और शर्मिष्ठा मुखर्जी भी उठा रहीं सवाल**

आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में आईं अलका लांबा भी चुनाव नतीजों के बाद से ही श्नई टीमश बनाकर मेहनत करने की बात कर रही हैं। बता दें कि अलका लांबा चांदनी चौक सीट से लड़ीं और बुरी तरह हारीं। उन्हें पांच हजार से भी कम वोट मिले। गौरतलब है कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर कभी नहीं दिखी। पार्टी में कई धड़े अलग-अलग चले, जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। इसके अलावा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने भी दिल्ली चुनाव में खास रुचि नहीं दिखाई।

**पीसी चाको ने शीला दीक्षित को बताया था हार का कारण!**

दिल्ली में एकबार फिर से कांग्रेस की शून्य सीटें आईं हैं। इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए पहले दिल्ली कांग्रेस चीफ सुभाष चोपड़ा, उसके बाद प्रभारी पीसी चाको ने इस्तीफा दे दिया। पीसी चाको इस हार के लिए पूर्व सीएम और दिवंगत हो चुकीं शीला दीक्षित को जिम्मेदार बता गए थे। पीसी चाको ने इस्तीफा देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी का डाउनफॉल 2013 में शुरू हो गया था, जब शीला दीक्षित जी मुख्यमंत्री थीं। एन नई पार्टी आप ने पूरे कांग्रेस वोट बैंक को छीन लिया तब से हम इसे कभी वापस नहीं पा सके।

**दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पद से पीसी चाको का इस्तीफा**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मंगलवार को इस्तीफा सौंप दिया था। बता दें कि दिल्ली चुनाव में इसबार भी कांग्रेस खाता नहीं खोल पाई है।

# लखनऊ की वजीरगंज कचहरी में देसी बम से हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की वजीरगंज कचहरी में एक देसी बम फटने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना में कई वकील घायल हो गए हैं, जिन्हें आननफानन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। कोर्ट में 2 जिंदा बम भी मिले हैं। यह घटना सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले के होश फाख्ता हो गए हैं। देसी बम से बार असोसिएशन के एक पदाधिकारी संजीव लोधी पर हमला किया गया था। इस हमले में संजीव बाल-बाल बच गए हैं।

बताया जा रहा है कि जिला कोर्ट में वकील संजीव लोधी को निशाना बनाकर बम से हमला किया गया। इस हमले में कुछ वकील घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हमले में वकील संजीव लोधी बाल-बाल बच गए। पुलिस इसे दो गुटों के बीच टकराव का मामला बता रही है। अचानक धमाके की आवाज से कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे हुए हैं और छानबीन की जा रही है। इस घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज के जरिए हमलावरों की तलाश की जा रही है।


***Are you Planning to make a Website or already have ?***

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# निर्भया का दोषी अब बोला, दिमाग ठीक नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप और मर्डर के दोषी फांसी की सजा टालने के लिए लगातार पैंतरेबाजी कर रहे हैं। दोषी विनय शर्मा ने राष्ट्रपति की ओर से दया याचिका खारिज किए जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने के साथ ही मानसिक स्थति खराब होने की दलील देकर फांसी से माफी की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति की ओर से दया याचिका खारिज करने के खिलाफ दोषी विनय शर्मा की याचिका पर फैसला शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया है। निर्भया केस में दोषी विनय के वकील ने फांसी टालने के लिए पैंतरा इस्तेमाल करते हुए कहा, श्विनय शर्मा की मानसिक स्थिति सही नहीं है, मानसिक रूप से प्रताड़ित होने की वजह से विनय मेंटल ट्रॉमा से गुजर रहा है, इसलिए उसको फांसी नही दी जा सकती है। वकील एपी सिंह ने कहा, मेरे क्लाइंट को जेल प्रशासन द्वारा कई बार मानसिक अस्पताल में भेजा गया उसको दवाइयां दी गई किसी को मानसिक अस्पताल तब भेजा जाता है जब उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं हो।

**दोषी विनय शर्मा का कोर्ट में नया पैंतरा**